# कारोबारी युवाओं को प्रशिक्षण दिलवाएं, सरकार मानदेय देगी

आगरा, मुख्य संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारोबारी युवाओं को प्रशिक्षण दिलवाएं, सरकार उनको मानदेय देगी। उन्होंने उद्यमियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा की गारंटी सरकार की है। वह खुलकर व्यापार करें। यदि उनके साथ किसी ने गड़बड़ी की तो सरकार उसे छोड़ेगी नहीं। सीएम योगी बुधवार को फतेहाबाद रोड स्थित केएनसीसी सभागार में लघु उद्योग भारती के प्रदेश उद्यमी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

योगी आदित्यनाथ ने उद्यमियों से कहा कि यदि वह उद्योग लगाना चाहते हैं, या लगाया हुआ है। उनका किसी स्थानीय संस्थान से टाईअप हो जाए तो वहां के बच्चे आपको मैन पावर की सुविधा आसानी से उपलब्ध करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिन बच्चों को रखेंगे, जिस दौरान वह काम करेंगे। रजिस्ट्रेशन कराने पर एमएसएमई में ट्रेनिंग लेने वाले युवाओं को आधा मानदेय सरकार देगी। इससे फायदा होगा कि हमारे पास अनुभवी लोगों की टीम खड़ी होगी। अपने युवाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षित करते हैं तो इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

सीएम ने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि लघु उद्योग अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है। लघु उद्योगों से ही रोजगार सृजन और आर्थिक स्वावलंबन संभव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति नजीर बनी है।

## त्योहारों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश

गोरखपुर। सीएम योगीने अफसरों को सख्त निर्देश दिया है कि त्योहारों पर कोई कोताही न बरतें। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने बुधवार रात गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ बैठक में ये निर्देश दिए।